छत्तीसगढ़ विधान सभा

दिसम्बर, 2012 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरूवार, दिनांक 20 दिसम्बर, 2012 (अग्रहायण 29,1934)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) श्री देवजी पटेल, सदस्य, प्रदेश के धान खरीदी संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव न किया जाकर सूखत के नाम पर अनियमितता किये जाने की ओर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री नंद कुमार पटेल, सदस्य, जिला रायगढ़ में मनरेगा के अंतर्गत माण्ड नदी के किनारे तटबंध निर्माण कार्यो में अनियमितता किये जाने की ओर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. प्रतिवेदनों की प्रस्तुति

(1) श्री रविन्द्र चौबे,सभापति, लोक लेखा समिति का एक सौ छ:वां, एक सौ सातवां, एक सौ आठवां, एक सौ नौवां, एक सौ दसवां, एक सौ ग्यारहवां, एक सौ बारहवां, एक सौ तेरहवां एवं एक सौ चौदहवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

(2) श्री विरेन्द्र कुमार साहू, सभापति, गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का प्रथम प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री गुरू रूद्रकुमार, सदस्य, आरंग विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

(i) आरंग में कन्या महाविद्यालय खोलने,

(ii) आरंग में बी.एड. कालेज खोलने,

(iii) आरंग में प्राचीन मूर्तियों के पुरातत्व महत्व स्थलों के रख-रखाव करने,

(2) श्रीमती लक्ष्मी बघेल, सदस्य, बलौदाबाजार विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसा भदेर से कुकुरडीह तक पुल-पुलिया सहित डामरीकृत सड़क बनाने,

क्रमश: 2

(3) श्री देवजी पटेल, सदस्य, धरसींवा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

(i) ग्राम सोन्डरा में छात्र वर्ग के लिये मिडिल स्कूल खोलने,

(ii) ग्राम मोतिमपुर खुर्द में प्राथमिक शाला खोलने,

(iii) ग्राम फरदहा में हाई स्कूल खोलने,

(4) श्री सौरभ सिंह, सदस्य, जिला जांजगीर चांपा अंतर्गत -

(i) ग्राम करूमहू में नलजल योजना स्वीकृत करने,

(ii) ग्राम हरदी में उपस्वास्थ्य केन्द्र खोलने,

(iii) ग्राम परसाही बाना में हाई स्कूल का हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन करने,

(iv) ग्राम चंगोरी में हाई स्कूल का हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन करने,

(v) ग्राम परसदा पहरिया के मध्य छेकरा नाले में स्टाप डेम निर्माण करने,

(vi) ग्राम पहरिया में अनुसूचित जाति एवं जनजाति कन्या छात्रावास भवन निर्माण करने,

(5) श्री दूजराम बौद्ध, सदस्य, पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुड़पार (ब) से सिल्ली पहुंच मार्ग निर्माण करने तथा

(6) श्रीमती पद्मा घनश्याम मनहर, सदस्य, सारंगढ़ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केड़ार में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने

के संबंध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

5. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री पुन्नूलाल मोहले, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री, छत्तीसगढ़ खाद्य सुरक्षा विधेयक,2012 (क्रमांक 19 सन् 2012) के पुर:स्थापन का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

6. संकल्प

निर्धारित समय
1 घंटा

श्री पुन्नूलाल मोहले, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

''यह सदन केन्द्र सरकार से सिफारिश करता है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में उपभोक्ताओं को नगद सब्सिडी के भुगतान संबंधी प्रावधान से छत्तीसगढ़ प्रदेश को मुक्त रखा जाए।''

7. नियम 139 के अधीन अविलंबनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा

1 घंटा 30 मिनट

प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री रविन्द्र चौबे, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

रायपुर
दिनांक 19 दिसम्बर,2012

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव.